कोरूगेटेड बॉक्स का उत्पादन खर्च बढ़ने से उद्योग मुश्किल में

मुंबई: पिछले 2 महीने में क्राफ्ट पेपर मिलों द्वारा निरंतर भाव वृद्धि किए जाने से और दूसरी ओर अन्य कन्वर्जन इनपुट कास्ट बढ़ने से भारत का कोरूगेटेड बॉक्स उद्योग मुश्किल में आ गया है। देसी और आयातित वेस्ट पेपर का भाव पिछले 2 महीने में प्रति मैट्रिक टन 4500 से 5000 रुपए तक बढ़ गया। दूसरे भारत और चीन के उत्पादक यूएसए और यूरोपसेवेस्ट पेपर का आयात करते हैं, लेकिन लॉकडाउन में उत्पादन बंद रहने से इस समय वेस्ट पेपर की आपूर्ति की तुलना में मांग अधिक है।